**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2200**

**सोमवार, 5 अगस्त, 2024 / 14 श्रावण, 1946 (शक)**

**लक्ष्य प्रदर्शन आधारित बीमा दावा**

**2200. डॉ. रानी श्रीकुमारः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को खाद्य आपूर्ति करने वाली एक कंपनी के बारे में हाल ही में आई एक रिपोर्ट की जानकारी है जिसमें कंपनी ने अपने डिलीवरी कर्मकारों के बीमा दावे को उनके निष्पादन लक्ष्यों से जोड़ा है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं; और

(ग) क्या इसके समुचित कार्यान्वयन के लिए सरकार द्वारा कोई निगरानी तंत्र विकसित किया गया है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) और (ख): इस मंत्रालय में ऐसी कोई रिपोर्ट उपलब्ध नहीं है।

(ग): गिग और प्लेटफॉर्म कामगारों हेतु सामाजिक सुरक्षा और कल्याण के उपबंध पहली बार सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 में किए गए हैं जिसे संसद द्वारा अधिनियमित किया गया है।

संहिता में गिग कामगारों और प्लेटफॉर्म कामगारों हेतु जीवन और निःशक्तता कवर, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य और प्रसूति प्रसुविधा, वृद्धावस्था संरक्षण आदि से संबंधित मामलों पर उपयुक्त सामाजिक सुरक्षा उपायों को तैयार करने का उपबंध किया गया है। संहिता में राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड की स्थापना का भी उपबंध है जो कल्याणकारी योजनाओं की निगरानी के लिए केंद्र सरकार से गिग और प्लेटफॉर्म कामगारों हेतु उपयुक्त योजनाएं तैयार करने हेतु सिफारिश करता है।

संहिता के प्रावधान अभी लागू नहीं हुए हैं।

*****